तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ जिलेभर में मनी मकर संक्रांति



10 बासिनझोरी में 1 करोड़ 44 लाख और बम्हनी ...



**खबर संक्षेप**

### अनाचार करने वाला फरार तांत्रिक गिरफ्तार

**भिलाई।** युवती का अपहरण कर उसके साथ ठगी कर अनाचार करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि आरोपी का नाम हेमंत अग्रवाल अमलेश्वर निवासी है। इस दौरान आरोपी हेमंत अग्रवाल प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों में घूम रहा था। वह बलौदाबाजार भी पहुंचा। अपना नाम बदलकर गीतपुरी इलाके में रहता था। मंगलवार को भिलाई तीन पुलिस ने सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। 19 नवंबर 2025 को थाने में शिकायत हुई थी कि आरोपी हेमंत खुद को तांत्रिक बताकर युवती के परिवार के संपर्क में आया था। तंत्र-मंत्र के जरिए समस्याएं दूर करने का झांसा दिया और युवती के साथ अनाचार किया। आरोपी हेमंत ने युवती का अश्लील वीडियो बनाया और उसे वायरल करने की धमकी देकर अनाचार करता रहा। आरोप है क युवती के मर्जी के बिना आर्य समाज में शादी किराई थी। युवती दो से तीन बार गर्भवती हुई, जिसका आरोपी ने जबरन गर्भपात कराया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पक्षकारों के बयान लिए जा रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना उरला रेलवे ट्रैक के पास की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि युवक का नाम भरदा गोंड पोस्ट बुंदेली छुईखदान खैरागढ़ गंडई निवासी रेखु लाल जंघेल के रुप में शिनाख्त हो पाया है। रेखु अपने घर से सात दिन पहले बिना बताए निकला था। युवक ने आत्महत्या किया या फिर ट्रेन से कटा है। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। फिलहाल आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नगपुरा चौक के पास की है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम नारधा निवासी उत्तम कुमार अपने दोस्तों के साथ जसगीत झांकी देखने नगपुरा आया था। 10 जनवरी देर शाम शाम घर लौटते नगपुरा चौक में बाइक सीजी 07 सीएल 8423 को मोड़ते समय हाईवा सीजी 07 बीयू 7586 ने चपेट में लिया। घटना में उत्तम गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे चेक कर मृत घोषित कर दिया। हाईवा चालक की लापरवाही के कारण घटना होने की जानकारी पुलिस को मिली।

# जमीन की गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू, जिला स्तर पर चल रही समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जमीन की सरकारी गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी और उसके पुनरीक्षण में हो रही देरी को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित समाचार के बाद आखिरकार जिला प्रशासन हरकत में आया है। कलेक्टर बेमेतरा ने मामले का संज्ञान लेते हुए गाइडलाइन दरों की समीक्षा और संशोधन प्रक्रिया शुरू होने का दावा किया है। प्रशासन का कहना है कि उप जिला स्तर पर पुनरीक्षण की कार्यवाही जारी है और प्रस्ताव मिलते ही जिला मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अब तक जिला मूल्यांकन समिति की बैठक नहीं हो पाने से आम नागरिकों को मजबूरी में ऊँची सरकारी दरों पर जमीन की रजिस्ट्री करानी पड़ रही है। इससे न केवल लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है, बल्कि जमीन कारोबार पर भी सीधा असर पड़ा है और पंजीयन विभाग का राजस्व लक्ष्य भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि कलेक्टर के निर्देश पर उप जिला मूल्यांकन समिति अध्यक्षों एवं अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को संशोधन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए जा चुके हैं। 12 जनवरी को इस संबंध में औपचारिक पत्र भी जारी किया गया है। प्रशासन का दावा है कि जैसे ही उप जिला स्तर से प्रस्ताव प्राप्त होंगे, जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कर नियमानुसार ▶▶| शेष पेज 11 पर

**खबर का असर**

## जमीन की बढ़ी दरों पर कलेक्टर का संज्ञान, पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने का दावा




### जमीन कारोबार पर गहरा असर, मंदा बाजार

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि दरों में संशोधन की प्रक्रिया शुरू तो हुई है, लेकिन जब तक नई दरों को यथार्थ के अनुरूप कम नहीं किया जाता, तब तक कारोबार में तेजी लौटना मुश्किल है। कई पुराने सौदे नई सरकारी दर लागू होने के बाद रद्द हो चुके हैं और नई ऊंची दरों के कारण नए सौदे भी नहीं हो पा रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक जिले में जमीन के लेन-देन में लगभग 70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की जा रही है।

## देवकर से महज दो किलोमीटर दूर राखी गांव के पास हुआ हादसा

# सड़क हादसाः ट्रक-माजदा की हुई भिड़ंत, एक की मौत, एक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

दुर्ग–बेमेतरा स्टेट हाइवे पर मंगलवार–बुधवार की दरम्यानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नगर देवकर से महज दो किलोमीटर दूर राखी गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक और सन्तरा से भरे माजदा वाहन की जबरदस्त टक्कर हो गई। चौकी प्रभारी एएसआई उदल तांडेकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेंट लेकर दुर्ग की ओर जा रहा ट्रक चालक शिव कुमार (निवासी ग्राम बोरी, धमधा, जिला दुर्ग) को वाहन चलाते समय झपकी आ गई। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रहे माजदा वाहन से तेज रफ्तार में जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि माजदा वाहन में सवार मध्यप्रदेश के शिवनी शहर निवासी आबिद खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि जावेद खान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही देवकर पुलिस चौकी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायल जावेद खान को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं मृतक आबिद खान के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसे पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंपा जाएगा।

### पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद दोनों वाहन एक ही दिशा में जा गिरे। माजदा वाहन सड़क पर ही क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा रहा, जबकि ट्रक सड़क से नीचे उतरकर झाड़ियों में जा घुसा। ट्रक को बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद कुछ समय के लिए स्टेट हाइवे पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर ही संभालते हुए सुचारु कराया। देवकर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि लंबी दूरी के दौरान सतर्कता बरतें और थकान या नींद की स्थिति में वाहन न चलाएं, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# साइबर अपराधों से बचाव की सीख लेने साइबर सेल पहुंचे छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए बच्चों और युवाओं में डिजिटल सतर्कता विकसित करने के उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। साइबर सेल बेमेतरा द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंधियारखोर के छात्र-छात्राओं का साइबर सेल कार्यालय में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। यह कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत संचालित "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान की कड़ी के रूप में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान साइबर सेल पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर सेल की कार्यप्रणाली, साइबर अपराधों के प्रकार, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं पासवर्ड की सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा मोबाइल व इंटरनेट के जिम्मेदार इस्तेमाल के बारे में विस्तार से समझाया।

- **अंधियारखोर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण**

साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार व समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

**जिले के सभी निर्माण कार्य तय मानकों पर पूरे हों, विलंब व गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई**

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं गुणवत्ता व समय-सीमा सर्वोपरिः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिए। कलेक्टर ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित सड़क एवं संरचना कार्यों, मंडी बोर्ड अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों, शासकीय स्कूल भवनों, पुल-पुलिया निर्माण, सड़क विकास कार्यों तथा 14वें एवं 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत सभी विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए कार्य में गति लाई जाए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी कार्य स्वीकृत तकनीकी मानकों, डिज़ाइन एवं गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों के अनुसार ही पूर्ण किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को नियमित स्थल निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर पर प्रभावी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) अंतर्गत गोदामों, भवनों एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता अनिवार्यः कलेक्टर :** कलेक्टर ने कहा कि स्कूल भवन, सड़क, पुल-पुलिया, मंडी परिसर एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवन सीधे आम नागरिकों के जीवन से जुड़े होते हैं। इसलिए इन कार्यों में पारदर्शिता ▶▶| शेष पेज 11 पर

**कांग्रेस संगठन में नया जोश**

# बेमेतरा जिले के सभी आठ ब्लॉक अध्यक्ष घोषित, युवा नेतृत्व को मिली बड़ी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उ.ठाते हुए बुधवार को जिले के सभी 8 संगठनात्मक ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। इस नई नियुक्ति ने कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा, उत्साह और बदलाव का संदेश दिया है।

खास बात यह रही कि इस बार कांग्रेस ने जिले में युवा नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए लगभग सभी ब्लॉकों की कमान युवाओं को सौंपी है, वहीं इतिहास में पहली बार बेमेतरा शहर कांग्रेस की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक महिला को दी गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह टीम कांग्रेस की विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा से कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष में बेमेतरा शहर अध्यक्ष रश्मि मिश्रा, बेमेतरा ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष मिथलेश वर्मा,बेरला ब्लॉक अध्यक्ष सुमित (विवेक सिंह) राजपूत,साजा ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर वर्मा,नांदघाट ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र साहू,नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी अनंत,थानखम्हारिया ब्लॉक अध्यक्ष रोशन सिन्हा,संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत । बहरहाल पार्टी के भीतर इस निर्णय को पीढ़ीगत बदलाव, महिला सशक्तिकरण और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि युवाओं को नेतृत्व सौंपकर कांग्रेस आने वाले चुनावों की तैयारी और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

**पहली बार महिला शहर अध्यक्ष, युवाओं को ब्लॉकों की कमानः** गौरतलब है कि बेमेतरा जिले में पार्षद रश्मि मिश्रा के तौर पर पहली बार शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी महिला को दी गई है, वहीं शेष 7 ब्लॉक अध्यक्षों के रूप में युवा चेहरों को मौका दिया गया है। इससे संगठन में नए जोश है। परंतु अब सबकी नजर इस पर है कि यह नया नेतृत्व किस तरह संगठन को जमीन पर धार देता है ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नियुक्तियों में सधा हुआ शक्ति-संतुलन, जिले में दिग्गज नेताओं के आधार पर तय हुए ब्लॉक अध्यक्ष

कांग्रेस की बुधवार को घोषित किए गए 8 संगठनात्मक ब्लॉक अध्यक्षों की सूची केवल नामों की घोषणा भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे कांग्रेस की सोची-समझी राजनीतिक रणनीति और आंतरिक संतुलन भी साफ़ झलकता है। संगठन में युवाओं और महिला नेतृत्व को आगे लाने के साथ-साथ पार्टी ने जिले की प्रमुख विधानसभाओं में वरिष्ठ नेताओं के प्रभाव और आधार को भी संतुलित रूप से समायोजित किया है । राजनीतिक हलकों में सबसे अधिक चर्चा साजा विधानसभा और नवागढ़ विधानसभा को लेकर हो रही है। सूत्रों के अनुसार, साजा विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के आधार और संगठनात्मक सिफारिशों के अनुरूप की गई है, जिससे यह संदेश गया है कि पार्टी क्षेत्रीय दिग्गजों के अनुभव और जनाधार को नजरअंदाज नहीं कर रही । वहीं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीनों ब्लॉक अध्यक्षों की तहरीज पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे के राजनीतिक आधार को ध्यान में रखते हुए की गई है। इससे नवागढ़ क्षेत्र में संगठनात्मक एकरूपता और नेतृत्व समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी तरह बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त किए गए तीनों ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की निर्णायक भूमिका रही है। यह स्पष्ट संकेत है कि जिला संगठन में उनकी पकड़ और रणनीतिक नेतृत्व पहले से अधिक मजबूत हुआ है।

## नगर में विकास के नाम पर करोड़ों डकार गए जिम्मेदार

# नगर में बदहाल स्कूल व अधूरे भवन दे रहे अनियमितता की गवाही






हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर में विकास के नाम पर करोड़ों रुपए आये, लेकिन सभी कार्य अधूरे रह गये। इसका फायदा अब तक जनता को नहीं मिला। अनियमितता के साथ पिछले 5 सालों तक नगर पंचायत ने जनता के साथ जमकर खिलवाड़ किया, जिसे कई उदाहरण शहर में नजर आते हैं। बड़ी विडंबना स्कूल भवन को लेकर है, जिसके नाम पर जलाशय को खत्म कर दिया गया। कई करोड़ खर्च कर अधूरा और घटिया निर्माण कर छोड़ दिया गया। आत्मानंद स्कूल 3 करोड़ 30 लाख विगत 4 वर्षों से निर्माणाधीन है। सालभर से ज्यादा हो गए काम बंद है।

शासकीय हाई स्कूल जलाशय के भीतर एक करोड़ 25 लाख का जर्जर अवस्था में अधूरा पड़ा है। स्कूल पूरा नहीं हुआ और दूसरे विभाग ने अतिरिक्त कमरा भी बना दिया। कोविड के समय केंद्र सरकार की योजना के तहत करोड़ों रुपए के कोविड वार्ड का निर्माण भी जलाशय के भीतर अधूरा पड़ा है। कोविड चला गया, लेकिन यह भवन किसी के लिए क्वारनटाईन सेंटर नहीं बन पाया। साजा शहर इन अधूरे और अनियमिता से भरे निर्माण कार्यों के लिए जाना जाने लगा है।

स्कूलों से लेकर लोगों ने हर जगह पर फरियाद लगायी, लेकिन नतीजा निरंक रहा। तत्कालीन जिलाधीश के दौरे के बावजूद आत्मानंद में एक ईंट नहीं जुड़ पाया। आत्मानंद स्कूल का ठेकेदार काम बंद कर रवाना हो गया। वहीं शासकीय हाई स्कूल मंडी बोर्ड के सौजन्य से नगर पंचायत स्वयं एजेंसी थी, बिना अनुमति जलाशय को खत्म कर निर्माण कार्य किया गया, वह अब गिरने की स्थिति में है। इस भवन के नाम में भी करोड़ों रुपए भुगतान हो चुके हैं। ऐसी अनियमितता पर क्या कार्रवाई होगी। इस पर सभी की नजरे हैं। ब्लॉक में सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति शहर के स्कूलों की है, जहां जगह के अभाव में छात्रों को पूरे समय पढ़ाई के लिए नहीं मिल पाता। दो शिफ्ट में स्कूल चल रही है। कड़ाके की ठंड में छात्राओं को स्कूल आना पड़ रहा है। ऐसी अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिसका नतीजा आज बच्चों को उठाना पड़ रहा है। बता देना लाजिमी हो यह दोनों भवन पूर्व सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुए थे और आज तक अधूरे पड़े है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जलाशय में निर्माण करवाया गया। क्या इन स्कूलों में कभी छात्र पढ़ पाएंगे या एक गंभीर सवाल है।

मामले की जानकारी जिले के सभी अफसरों को है। सभी ने निरीक्षण किया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। इस मामले की गंभीरता से जांच बहुत जरूरी है। इस गड़बड़ी के चलते उन्हें पूरा वक्त स्कूलों में नहीं मिल पाता। मैदान विहीन साइकिल स्टैंड विहीन स्कूलों में छात्रों को अपना भविष्य संवारने को मजबूर हैं। शासन ने पैसा देने में कोई कमी नहीं की, लेकिन ठेकेदारों की भ्रष्टाचार के चलते यह काम कचरे में चला गया। ऐसे में शहर का कितना विकास होगा कल्पना की जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए शिवम तिवारी

**बेमेतरा।** ग्राम गाड़ाघाट में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता जनसेवक शिवम तिवारी व्यास पीठ पर आशिन कथा वाचिका प्रीति शर्मा दीदी से लिए आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के सुख समृद्धि का कामना किया एवं उनके द्वारा उनके मुखारविंद से कृष्ण जन्म एवं कृष्ण बाल लीलाओ का सुन्दर चित्रण सुन मन गदगद और प्रफुलित हुआ एवं इस अवसर पर नीतू राम साहू सुशीला साहू लीला धर साहू पार्वती साहू गौकरण साहू गीता साहू कान्हा साहू बिमला साहू छबि राम साहू उपस्थित है।

### टैंकर में भरा केमिकल सड़क पर गिरा, तीन किमी लगा जाम

**भिलाई।** मंगलवार को टैंकर चालक ने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में जोरदार बरेक लगा दिया। इस दौरान केमिकल तेल से भरे टैंकर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में टैंकर का पूरा केमिकल तेल सड़क और नालियों में फैल गया। हादसे के बाद सड़क पर घंटे भर से अधिक समय तक जाम रहा। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार थाना क्षेत्र में टैंकर रायपुर से दुर्ग की तरफ जा रहा था। तभी सामने बाइक सवार आने पर चालक ने ब्रेक लगा दिया। पीछे से ट्रेलर ने टैंकर को टक्कर मार दिया। टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केमिकल तेल सड़क पर गिर गया। तेल फैलने से सड़क में कई बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े। घटना में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई है। खबर लगते ही ट्रैफिक पुलिस और आसपास के थानों का बल मौके पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड की दो दमकल बुलाए गए। सड़क पर फैले केमिकल तेल को साफ कराया गया। खुर्सीपार चरोदा तक नेशनल हाईवे में अधिक लंबा जाम लगा था।

### कॉलेज के प्रोफेसर दंपती ने किया छात्रों की फीस का गबन, अपराध दर्ज

**भिलाई।** कॉलेज के दो प्रोफेसर पति पत्नी ने 12 छात्रों की फीस को खाते में जमा न कर गबन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि महकाखुर्द में स्थित प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या ने शिकायत किया है कि सत्र 2023 में नियुक्त सहायक प्रोफेसर सागर शर्मा और उनकी पत्नी गुरदीप कौर शर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग कर छात्रों से कॉलेज के नाम पर लिए गए फीस की राशि गबन किया। कॉलेज के खाते में जमा ना कर रकम 3 लाख 45 हजार रुपए को अपने निजी खाते में डिपोजिट कराया है। पुलिस ने जांच के बाद 10 माह बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई किया है। जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो कॉलेज की प्राचार्य सीमा कश्यप ने न्यायालय पहुंची। जहां न्यायालय के आदेश पर अपराध दर्ज किया। सत्र 2023 में प्रथम वर्ष के 6 छात्रों से प्रति छात्र 20 हजार रुपए नगद लिए गए।

## आयोजन : सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश के साथ जिलेभर में धार्मिक अनुष्ठान और परंपराओं की धूम

# आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ जिलेभर में मनी मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिलेभर में बुधवार को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, परंपरा और उल्लास के साथ मनाया गया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों, दान-पुण्य और पारंपरिक आयोजनों की धूम रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

पर्व के अवसर पर घर-घर में तिल-गुड़, खिचड़ी, लाई, चूड़ा और पारंपरिक व्यंजनों का विशेष महत्व रहा। महिलाओं ने एक-दूसरे को तिल-गुड़ भेंट कर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कई स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। बच्चों और युवाओं में पतंग उड़ाने का खास क्रेज रहा, वहीं किसानों ने इस पर्व को नई फसल के स्वागत और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के रूप में मनाया। सामाजिक संगठनों द्वारा जरूरतमंदों को वस्त्र, खाद्यान्न एवं तिल-गुड़ का वितरण भी किया गया।

प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए इसे सामाजिक समरसता, सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा पर्व बताया। पूरे जिले में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और मकर संक्रांति ने परंपरा व आस्था के संग समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया।

कन्या स्कूल देवकर में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधान पाठक गिरिजा पटेल ने बच्चों को बताया कि मकर संक्रांति भारत की संस्कृति विज्ञान और प्रकृति के मेल का पर्व है । सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ उत्तरायण की शुरुआत होती है, जो नई ऊर्जा खुशहाली और उत्सव का प्रतीक है । मकर संक्रांति फसल की कटाई का भी पर्व है इसलिए किसान अपनी अच्छी फसल के लिए ईश्वर को धन्यवाद देतेspan>। बच्चे उक्त जानकारी को सुनकर बहुत खुश हुए साथी प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को आशिक नेवता भोज के रूप में स्वल्पाहार कराया गया एवं तिल के लड्डू के साथ पतंग वितरित किया गया बच्चों ने साथ मिलकर पतंग उड़ाया साल में बहुत उत्साह का माहौल देखने को मिला। उक्त आयोजन में प्रधान पाठक गिरिजा पटेल प्रियंका साहू वीणा रावटे अंजू पुष्पा महेशीय एवं शाला परिवार के बच्चे सम्मिलित थे।







### मकर संक्रांति पर राम जानकी मंदिर में संवेदना का उत्सव



**बेमेतरा।** मकर संक्रांति पर नवागढ़ राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने बतलाया कि मंदिर और मठ केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं, बल्कि मानवता और करुणा का जीवंत मंच भी हैं ,मंदिर के महंत सुरेंद्र दास एवं धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने दिव्य नेत्र (दृष्टिबाधित) 11 छात्र-छात्राओं को मंदिर परिसर में तिल-लड्डू खिलाकर स्नेहिल उपहार सहित विदाई दी। डॉ निर्वाणी ने इस अवसर पर कहा कि मकर संक्रांति आत्मशुद्धि, सेवा और सामाजिक समरसता का पर्व है,दिव्य नेत्र वाले बच्चे समाज की दया के नहीं, उसकी चेतना और शक्ति के प्रतीक हैं,ऐसे बच्चों के आत्मबल को बढ़ाना ही सच्चा धर्म है,उन्होंने कहा कि धर्म स्तंभ काउंसिल निरंतर समाज के वंचित और विशेष जरूरत वाले वर्गों के साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान दृष्टि बाधित छात्र छत्रक के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तिल-लड्डू के साथ उन्हें भी उपहार भी भेंट किए गए । पूरे आयोजन में भक्ति, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन ने यह संदेश दिया कि सनातन परंपरा केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि सेवा और सम्मान की जीवन शैली है।

### अकोला स्कूल में मकर संक्रांति पर्व पर बच्चों को खिलाएं तिल के लड्डू

साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में मनाएं मकर संक्रांति का पर्व प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों को तिल का लड्डू खिलाई एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कारेसरा से स्टॉफ अनीता ध्रुवे सभी बच्चों के लिए लड्डू और चॉकलेट प्रदान की बच्चें पतंग से सम्बंधित चित्र बनाये, कविता लिखें एवं पतंग उड़ाए, हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों को मकर संक्रांति से जुड़ी कथा सुनाई कि इसी दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है और उत्तरायन का आरम्भ होता है, मकर संक्रांति केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं माना जाता, बल्कि इसे दान, पुण्य, संयम और नए आरंभ का पर्व माना गया है, उन्होंने बताया कि इस दिन तिल गुड़ के लड्डू खाने, तिल से स्नान करने का विशेष महत्व है, आयुर्वेद में तिल को सर्वदोष हारा कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर को पोषण देता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, इस अवसर पर सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर, शिक्षाविद डाकवर ठाकुर, मुन्नी यादव, मीना यादव उपस्थित रही, सभी हर्षोउल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाएं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर पियुष जायसवाल को मिला छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उपमुख्यमंत्री अरुव देव साव ने बेमेतरा जिले के होनहार युवा वैज्ञानिक,रिसर्चर, एस्ट्रोफिजिक्स के सबसे कम उम्र के युवा वैज्ञानिक, पीएचडी प्राप्त, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड व स्वर्ण पदक विजेता डॉ पियुष जायसवाल को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किए हैं, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, एवं सी बी एस ई के प्रमुख ने पियुष जायसवाल को पूर्व में सम्मानित कर चुके हैं, एवं भारत सरकार के द्वारा तीन मूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय सभागार नई दिल्ली में पियुष जायसवाल को स्वर्ण पदक, मेमोंटो व सर्टिफिकेट के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रेस्ठ पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका हैं। छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ युवा रत्न युवा सम्मान से युवा दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित होनर के लिए यह अवॉर्डष 2025 से ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के ओर से प्रांरभ किया गया है।

जिसमें छत्तीसगढ़ युवा रत्न युवा सम्मान के लिए पियुष जायसवाल ने 1016 युवाओ को पीछे छोड़ते हुए यह सर्वश्रेष्ठ व उच्च स्थान के साथ यह पुरुस्कार को प्राप्त किए हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से बेमेतरा जिला गौरवान्वित हुआ है और जिले का नाम प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन हुआ है।

# विधायक दीपेश धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुढ़ाजौंग, खाल्हे देवरी एवं भांठा देवरी में आयोजित धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बुढ़ाजौंग में पाँच दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण एवं मंडई कार्यक्रम, खाल्हे देवरी में सस्वर मानस गान प्रतियोगिता तथा भांठा देवरी में राम कथा मानस गान के समापन अवसर पर उन्होंने सहभागिता की।

विधायक साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन सनातन संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक समरसता को सशक्त करते हैं। भांठा देवरी में उन्होंने 5.20 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को विकास की सौगात दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच सीमा नीलकंठ सियारे उपसरपंच गुमान साहू,पंच रेखा साहू पुष्पा साहू मुकेश साहू पुष्पा साहू तोषम पंच शकुंतला भुनेश्वर पंच थानसिंग पंच झम्मान चेतन साहू रेवती यादव पंच सुमन जेठू सरपंच संतोषी पुरैना उपसरपंच खेमचंद साहू भारत कोसले जनपद सदस्य लाल साहू मानाराम साहू सरजू साहू रघुवीर साहू बंदी मिर्जा पुनीत निषाद गोपाल साहू प्रीतम मिर्जा खेलन साहू डॉक्टर युवराज साहू गुलाल साहू दुखीराम साहू आत्माराम साहू सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

# आपका पूंजी आपका अधिकार अभियान से बेमेतरा में 387 डीईएएफ़ खाते सक्रिय, 2.09 करोड़ की राशि लौटाई

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य में भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित "आपका पूंजी आपका अधिकार" राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिले में बड़ी सफलता दर्ज की गई है। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों द्वारा 10 वर्ष या उससे अधिक समय से निष्क्रिय 387 डीईएएफ़ खातों को पुनः सक्रिय करते हुए कुल 2.09 करोड़ की राशि संबंधित खाताधारकों को वापस कराई गई।

यह विशेष अभियान 4 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके लंबे समय से निष्क्रिय खातों की जानकारी देना तथा निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से खातों को सक्रिय कर जमा राशि का भुगतान सुनिश्चित करना था। अभियान के अंतर्गत शासकीय विभागों के साथ-साथ आम नागरिकों के बचत खातों को भी शामिल किया गया। बैंक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी भी बैंक को नियमित बैंकिंग कार्य रोकने के निर्देश नहीं दिए गए थे।

डीईएएफ़ खातों के सक्रियण की प्रक्रिया दैनिक बैंकिंग कार्यों—जैसे जमा, निकासी एवं लेन-देन—के साथ-साथ सुचारु रूप से पूरी की गई, जिससे बैंकिंग व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। वित्तीय सेवा विभाग ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। विभाग के अनुसार इस अभियान से न केवल नागरिकों को उनके वैधानिक अधिकारों की जानकारी मिली, बल्कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों में जमा राशि का वास्तविक लाभ भी खाताधारकों तक पहुँच सका।

# धान संग्रहण केंद्रों में हेराफेरी की आशंका पूर्व विधायक ने की कलेक्टर से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरदा एवं लेजवारा स्थित धान संग्रहण केंद्रों में बड़े पैमाने पर धान के हेरफेर की आशंका को लेकर सियासत गरमा गई है।

- सरदा और लेजवारा केंद्रों में ऑनलाइन रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक

बेमेतरा के पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने इस गंभीर मामले में जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल जांच की मांग की है। आशीष छाबड़ा ने पत्र में उल्लेख किया है कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज धान खरीदी की मात्रा और भौतिक स्टॉक में भारी अंतर नजर आ रहा है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इन दोनों धान संग्रहण केंद्रों में भारी मात्रा में धान का हेरफेर किया गया है, जिससे राज्य शासन को करोड़ों रुपये की वित्तीय हानि होने की आशंका है। पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि इससे पहले भी जिले में धान हेरफेरी के मामले सामने आए थे, लेकिन अब तक उनकी जांच पूरी नहीं हो पाई, इसके बावजूद संबंधित केंद्रों में नई धान खरीदी शुरू कर दी गई है। उन्होंने मांग की कि नए धान का संग्रहण तत्काल रोका जाए और पहले पुराने स्टॉक की गहन जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों से खरीदे गए धान की खुली बंदरबांट का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ पुलिस में अपराध दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि सरदा और लेजवारा धान संग्रहण केंद्रों में हुआ यह हेरफेर छत्तीसगढ़ राज्य का अब तक का सबसे बड़ा धान घोटाला साबित हो सकता है।



साथ ही भाजपा शासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की चुप्पी इस बात की ओर इशारा करती है कि उगाही की गई राशि से भाजपा के जनप्रतिनिधि भी लाभान्वित हुए हो सकते हैं। जिला मुख्यालय के समीप स्थित दोनों धान संग्रहण केंद्रों में कथित रूप से इतना बड़ा घोटाला सामने आने के बावजूद भाजपा के किसी जनप्रतिनिधि का मौन कई सवाल खड़े कर रहा है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर आरोपों की कब और किस स्तर तक निष्पक्ष जांच कराता है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियानः जेवरी में लगा विधिक जागरूकता शिविर, ग्रामीणों ने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम जेवरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह की कानूनी स्थिति, दुष्परिणामों एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के दौरान सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह को दंडनीय अपराध बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।

अधिवक्ता पी. राजेश्वरी ने बाल विवाह से उत्पन्न होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए इसके दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर इस कुप्रथा को समाप्त करने का आह्वान किया और उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता आयुष शुक्ला, देवेंद्र साहू, गीता दास एवं पी. राजेश्वरी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बाल विवाह उन्मूलन हेतु निरंतर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।




